NT>

**Title**: Need for effective implementation of centrally sponsored schemes in Madhya Pradesh − Laid.

**डॉ0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) :** अध्यक्ष महोदय, ग्रामीण विकास कार्यक्रम और प्रधान मंत्री सड़क योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को भी मध्य प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित नीति में यथासंभव चरणबद्ध तरीके से पूरा न किए जाने से जहां केन्द्र द्वारा प्रदत्त करोड़ों रूपया इसलिए खर्च नहीं हुआ कि प्रक्रियागत कार्यो में अनावश्यक विलम्ब विशोकर मध्य प्रदेश के रतलाम, मंदसौर व नीमच जिले की स्थिति बहुत शोचनीय है। इन जिलों में निविदा के लिए सूचना प्राप्ति के बाद उनका निपटारा करने में अनावश्यक विलंब व बाद में एक ठेकेदार से दूसरे ठेकेदारों को काम देने से गुणवत्ता में कमी, निर्धारित मानदंडों को अनदेखा करना व समयावधि में कार्य को पूरा न करने से ग्रामीण विकास में जो तेजी से प्रगति होना चाहिए थी, वह नहीं हो रही है।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस हेतु केन्द्र द्वारा एक मानिटरिंग समिति बनायी जावे जो इन कार्यो को देखे। साथ ही एक संसदीय समिति भी बनाई जावे जो इन कार्यो की गुणवत्ता, मानदंड व प्रक्रिया आदि का निरीक्षण करे।